# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 27 अगस्त, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-27-08-2019

## HIV/AIDS की रोकथाम हेतु समझौता

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (Ministry of Health and Family Welfare), राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (National AIDS Control Organization-NACO) तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (Ministry of Social Justice and Empowerment) ने एड्स के प्रसार को रोकने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।

- 1995 में इस महामारी के संदर्भ में 80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई तथा 2005 में अनुमानित एड्स से संबंधित मौतों में 71% की गिरावट आई।
- UNAIDS 2018 की रिपोर्ट के अनुसार, नए संक्रमण और एड्स से होने वाली मौतों में गिरावट के लिये वैश्विक औसत क्रमशः 47% और 51% रहा है।
- हर साल 2 मिलियन नए एड्स संक्रमण होते हैं और वर्तमान में एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी पर दुनिया की लगभग 66% आबादी भारत में निर्मित दवाओं का सेवन करती है।
- एंटीरेट्रोवाइरल थेरेपी (ART) HIV-AIDS से संक्रमित व्यक्तियों हेतु एकमात्र विकल्प है।

***"एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (ART) शरीर में HIV वायरस को बढ़ने से रोकती है।"***

> विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मानक एआरटी में एचआईवी वायरस को दबाने और रोग की प्रगति को रोकने के लिये कम से कम तीन एंटीरेट्रोवाइरल दवाओं का संयोजन होता है।

## NACO

> राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (NACO) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का एक भाग है जो भारत में HIV/एड्स नियंत्रण कार्यक्रम को 35 HIV/AIDS रोकथाम एवं नियंत्रण समितियों के माध्यम से नेतृत्व प्रदान करता है।

## UNAIDS

> 1996 में स्थापित, UNAIDS वैश्विक, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और स्थानीय नेतृत्व, नवाचार और भागीदारी के लिये प्रेरणादायक रहा है, ताकि HIV को जड़ से ख़त्म किया जा सके। इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है।

## ‘SURE’ परियोजना

हाल ही में कपडा मंत्री द्वारा मुंबई में प्रोजेक्ट SU.RE लॉन्च किया गया । SURE का तात्पर्य ‘सस्टेनेबल रिज़ॉल्यूशन’ **(Sustainable Resolution)** से है जो भारतीय फैशन उद्योग हेतु स्वच्छ वातावरण के निर्माण में योगदान देगा।

- यह परियोजना क्लॉथिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (CMAI); यूनाइटेड नेशंस इंडिया, IMG Reliance तथा कपडा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है।
- यह फ्रेमवर्क उद्योगों को अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने, संसाधन दक्षता बढ़ाने, अपशिष्ट और जल प्रबंधन से निपटने और दीर्घकालिक स्थिरता लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा सकारात्मक सामाजिक प्रभाव पैदा करने में मदद करेगा।
- SURE प्रोजेक्ट भारतीय परिधान उद्योग द्वारा भारतीय फैशन उद्योग के लिये एक स्थायी मार्ग निर्धारित करने के लिये एक प्रतिबद्धता है।

प्रोजेक्ट SU.RE से संबंधित पाँच सूत्री संकल्प इस प्रकार हैं:

- ब्रांड द्वारा वर्तमान में उत्पादित किये जा रहे कपड़ों के पर्यावरणीय प्रभाव की पूरी समझ विकसित करना।
- पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले प्रमाणित कच्चे माल को लगातार प्राथमिकता देने और उपयोग करने के लिये एक स्थायी सोर्सिंग नीति विकसित करना।
- स्थायी और नवीकरणीय सामग्री और प्रक्रियाओं का चयन करना।
- हमारे ऑनलाइन और फिजिकल स्टोर्स, प्रोडक्ट टैग/लेबलिंग, सोशल मीडिया, विज्ञापन अभियानों और घटनाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं तथा मीडिया के लिये प्रभावी ढंग से सतत् विकास की पहल करना।
- इन कार्यों के माध्यम से, वर्ष 2025 तक हमारी आपूर्ति श्रृंखला सतत् विकास के अनुरूप हो सकेगी तथा जलवायु परिवर्तन जैसे महत्त्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों में योगदान देते हुए भारत संयुक्त राष्ट्र के सतत् विकास लक्ष्य (SDG-12) को प्राप्त कर पायेगा।

---

## तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक कार्य पुरस्कार 2018

## Tenzing Norgay National Adventure Awards, 2018

हाल ही में वर्ष 2018 के लिये तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक कार्य पुरस्कारों की घोषणा की गई।

- तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक कार्य पुरस्कार युवाओं में सहनशक्ति की भावना विकसित करने, जोखिम उठाने, टीमवर्क में सहयोग देने और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया तथा साहसिक गतिविधियों के प्रोत्साहन हेतु संबंधित क्षेत्रों में अर्जित उपलब्धियों को मान्यता देने के लिये दिये जाते हैं।
- ये पुरस्कार चार श्रेणियों में दिए जाते हैं-

1. भू साहसिक कार्य (Land Adventure)
2. जल साहसिक कार्य (Water Adventure)
3. वायु रोमांच (Air Adventure)
4. जीवन पर्यंत उपलब्धि (Life Time Achievement)

- तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक कार्य पुरस्कारों के लिये व्यक्तियों के चयन के लिये सचिव (युवा मामले) की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय चयन समिति का गठन किया गया था।


- इन पुरस्कारों के तहत प्रतिमा, प्रमाण-पत्र और पाँच-पाँच लाख रुपए की नकद राशि प्रदान की जाएगी।
- समिति की सिफारिशों और उचित जाँच के बाद सरकार ने निम्नलिखित व्यक्तियों को पुरस्कार देने का निर्णय लिया है-

| क्र.सं. | नाम | श्रेणियाँ |
|---|---|---|
| 1. | अपर्णा कुमार | भू साहसिक कार्य |
| 2. | दीपांकर घोष | भू साहसिक कार्य |
| 3. | मणिकंदन के. | भू साहसिक कार्य |
| 4. | प्रभात राजू कोली | जल साहसिक कार्य |
| 5. | रामेश्वर जांगड़ा | वायु साहसिक कार्य |
| 6. | वांगचुक शेरपा | जीवन पर्यंत उपलब्धि |

## एड्राटिक्लिट बोउल्फा

## (Adratiklit boulahfa)

उत्तरी अफ्रीका में अब तक ज्ञात सबसे पुरानी स्टेगोसॉरस प्रजाति एड्राटिक्लिट बोउल्फा के अवशेषों की खोज की गई है।



- वैज्ञानिकों ने डायनासोर के एक उपसमूह स्टेगोसॉरस (Stegosaurus) की एक नई प्रजाति की खोज की है जिसकी कालावधि लगभग 168 मिलियन वर्ष पूर्व अनुमानित की गई है।
- **अड्रास** (पहाड़), **टिक्लिट** (छिपकली) और उस क्षेत्र में **बर्बर** (उत्तरी अफ्रीका का एक स्थानिक जातीय समूह) आदि के शब्दों के प्रयोग करते हुए इसका नाम **एड्राटिक्लिट बोउल्फा** रखा है।
- **एड्राटिक्लिट बोउल्फा** के अवशेषों के अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों ने यह निष्कर्ष निकाला कि इसकी सबसे निकटतम प्रजाति यूरोपीय स्टेगोसॉरस डैकेंटरस (European stegosaurus Dacentrurus) है।
- यह कवचधारी और शाकाहारी था जो प्राचीन गोंडवाना सुपरकॉन्टिनेंट पर रहता था। गोंडवाना सुपरकॉन्टिनेंट बाद में अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका में विभाजित हो गया।

- अब तक अधिकांश स्टेगोसॉरस उत्तरी गोलार्द्ध में पाए गए हैं।